Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 2nd May, 2023

Notification from MP PSC for Computer Programmer Examination

पीएससी : कम्प्यूटर प्रोग्रामर परीक्षा रविवार को होगी, प्रदेश में सिर्फ इंदौर में बनाए सेंटर

भास्कर संवाददाता|इंदौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की कम्प्यूटर प्रोग्रामर परीक्षा रविवार को होगी। यह परीक्षा इंदौर में होगी। विस्तृत जानकारी शनिवार को जारी होगी। इधर, पीएससी में राज्य सेवा परीक्षा 2020 के इंटरव्यू का दौर शुरू हो चुका है। यह 19 मई तक चलेगा। जबकि राज्य सेवा परीक्षा 2022 अगले माह 21 मई को होगी। यह प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाना है। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। राज्य सेवा परीक्षा 2022 के लिए इस बार करीब पौने तीन लाख आवेदन आए हैं। जबकि इस बार 2019 के बाद सबसे ज्यादा 427 पद हैं। पिछली बार 283 पदों के लिए ही तीन लाख 15 हजार से ज्यादा आवेदन आ गए थे। यही नहीं 2020 में भी 260 पदों के लिए हुई प्रक्रिया के लिए तीन लाख से ज्यादा ही आवेदन थे।

दरअसल राज्य सेवा परीक्षा 2022 के लिए 10 जनवरी से 9 फरवरी तक आवेदन की प्रक्रिया चली थी। बाद में इसे बढ़ाकर 16 फरवरी कर दिया गया था। वन सेवा परीक्षा-2022 के भी 15 पद हैं। उसके आवेदन भी साथ हुए हैं। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सामान अध्ययन और दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक सामान अभिरुचि परीक्षण विषय का परचा होगा। आयु गणना जनवरी 2023 के आधार पर की गई।

जून में सबसे अहम स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट होगा- 4 जून को स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट(सेट) होगी।वहीं दूसरी अहम सहायक कुलसचिव परीक्षा 25 जून को होगी। इसके बाद 17 से 22 जुलाई तक राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2021 होगी। जबकि 20 अगस्त राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2021 होगी। सितंबर-अक्टूबर में सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2023 होगी। 8 अक्टूबर स्टेट इंजीनियरिंग एग्जाम-2022 और 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2022 होगी। इसके बाद 19 नवंबर खेल अधिकारी- ग्रंथपाल परीक्षा-2022 और 10 दिसंबर राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2022 होना है। 17 दिसंबर कराधान सहायक परीक्षा-2022 होगी।

ANIL MISHRA

(Training & Placement Officer)